## खबर संक्षेप

### पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी की मेरटोला ग्राम पंचायत में रहने वाले ग्रामीण पिछले 25 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण पानी की समस्या का सामना कर रहे हैं। इन ग्रामीणों को झिरिया का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे पास पीने के लिए साफ पानी नहीं है, ऐसे में हमें मजबूरी में झिरिया का पानी पीना पड़ रहा है। इसे लेकर हमनें कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बात की है, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। यह समस्या केवल ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी दैनिक जीवनशैली को भी प्रभावित कर रही है। गांव में पानी की गंभीर स्थिति के बाद भी स्थानीय प्रशासन सुनवाई नहीं कर रहा है इससे ग्रामीणों में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। पिछले एक दशक में अनेक बार ग्रामीणों ने आवाज उठाई है, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। गांव की सरपंच सरिता देवी ने भी चिंता जताते हुए कहा कि हमारे गांव की हालत को देखकर लगता है कि सरकार ने हमारी समस्याओं को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है।

### अटल निलय के नाम से जाना जाएगा भाजपा कार्यालय

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस अवसर पर रविवार को जिला भाजपा कार्यालय सहित जिलेभर में हर्षोउल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष व अतिथियों द्वारा नवीन भाजपा कार्यालय भवन का नामकरण किया गया, भाजपा कार्यालय अब 'अटल निलय' के नाम से जाना जाएगा। इस दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### तालाब में मिला वृद्ध शव

**शहडोल।** जिले के जैतपुर के नगपुरा गांव में वृद्ध का शव तालाब में मिलने से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है। मृतक की पहचान छटनकी लाल सिंह उम्र 70 वर्ष के रूप में हुई है, जो बीती शाम से लापता थे। उनका शव उनके निवास स्थान से कुछ ही दूरी पर स्थित एक तालाब में मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छटनकी लाल सिंह को उनके घर के पास स्थित तालाब की ओर जाते हुए देखा गया था, लेकिन देर रात तक वे वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने उनकी खोजबीन शुरू की। काफी देर बात उनका शव तालाब में दिखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस टीम और अधिकारियों ने शव को बाहर निकलवाया और परिवार व आस-पास के लोगों से जानकारी जुटाई है। प्रारंभिक जांच इसे एक हादसा माना जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही कुछ साफ हो पाएगा।

**इनका कहना है**

घटना स्थल पर मौजूदा साक्ष्यों को इक_ा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**रामकुमार गायकवाड़**
**थाना प्रभारी, जैतपुर**

### 13 अप्रैल को मनाई जायेगी भगवत शरण माथुर की जयंती

**शहडोल।** जिले की बुढ़ार नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कैलाश विश्नानी ने बताया कि 13 अप्रैल को स्व. भगवत शरण माथुर की जयंती है। श्री माथुर सन् 1975 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक के रूप में राष्ट्रसेवा, देश की सच्ची सेवा में रत हो गए। प्रखर राष्ट्रभक्त अप्रतिम संघनिष्ठ कार्यकर्ता, दूरदृष्टा एवं कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत स्व. माथुर अनेक जिलो में प्रचारक रहे है। रीवा संभाग में भाजपा संभागीय संगठन मंत्री एवं भाजपा मध्यप्रदेश सहसंगठन महामंत्री तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) भाजपा हरियाणा प्रान्त एवं राष्ट्रीय समन्वयक भाजपा अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / सहकारिता प्रकोष्ठ भी रहे है।

## काली कमाई करने नियमों को ताक में रख उजाड़ रहे बीटीआर

# फर्जी नाप जोख कर पार्क में कब्जा दिला रहे भ्रष्ट आधिकारी








उमरिया।

**एक ओर प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव भू-माफियाओं के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की घोषणाएं करते हैं और दूसरी ओर इन्हीं भू-माफियाओं की चौतरफा जय-जयकार सुनाई पड़ रही है।**

आलम यह है कि विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व आज इन्ही के चंगुल में फंसा नजर आता है। पार्क का प्रतिबंधित कोर एरिया भी आज माफियाओं के रिसोर्ट और कारोबारी ठिकानो के लिए खोल दिया गया है। इतनी सघन घुसपैठ पार्क प्रबंधन की शह के बिना संभव नहीं है, यह बात सर्वविदित है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि बड़े अधिकारी, प्रशासन, जनप्रतिनिधि सब मानों भांग पीकर सो रहे हैं। यही नहीं पार्क के इर्द गिर्द कब्जेदारी की होड़ में कई गरीब भी पिस रहे हैं, जिनकी जमीन भी माफिया लगे हाथ अपने कब्जे मे सरका लेता है। दर्जनों पीड़ित यहां याचना के लिए भटक रहे हैं। ताला में भी एक महिला इसी तरह अपनी जमीन गंवा बैठी है और दर ब दर भटक रही है।

### इतना मेहरबान है अमला

बीटीआर की सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा बढ़ता जा रहा है। माफियाओं की खातिर सरकारी अमला और अधिकारी इतने उदार और फिक्रमंद हैं कि वे सरकारी जमीनों की फर्जी नापजोख कर कब्जा दिलाने से भी बाज नहीं आते हैं। यही कारण है कि तालाब, कब्रिस्तान, श्मशान घाट से लेकर रेलवे रेस्ट हाउसक के समीप तक माफियाओं का कब्जा हो चुका है। आने वाले समय में श्मशान और तालाब में भी माफिया ही नजर आएंगे। एक के बाद एक कब्जे होते जा रहे हैं और सरकारी मशीनरी पंगु बनी हुई है, वह मूकदर्शी बन कर रह गई है। चारो ओर नियमविरुद्ध केवल माफिया का कब्जा ही नजर आता है। बीटीआर के अंदर रिसोर्ट बनने की घटनाएं धीरे धीरे आम होती जा रही हैं।

### दर दर भटकर रही बेवा महिला

ताला अंतर्गत एक गरीब महिला सुखिया बाई का मामला भी प्रकाश में आया है। सरकारी अमले ने बिना किसी नियम आदेश के एक लंबी चौडी.सरकारी जमीन पर किसी रिसोर्ट मालिका को कब्जा दिला दिया। उसी जमीन के समीप एक हिस्से पर बेवा सुखिया बाई गोंड़ खेती बाड़ी कर अपना और बच्चों का भरण पोषण करती है। इस भूमि पर वह अपने बच्चों के साथ एक कच्चे मकान में रह रही है। यही पर आलीशान पांच सितारा रिशोर्ट आगरा लाज बना हुआ है, जिसके मैनेजर की नजर सुखिया बाई की जमीन पर गड़ गई थी और वह उसे पहले तो रकम का लालच दिया, फिर दबाव बनाया और फिर तरह तरह से उसे प्रताड़ित करने लगा कि जिससे वह अपना घर व जमीन छोडक़र अन्यत्र चली जाए।

### बेबस महिला पर बनाया जा रहा दबाव

मैनेजन ने प्रशासनिक अमले के जिम्मेदारों से सांठ गांठ बनाया और अब प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा संबंधित भूमि कों छोडऩे के लिए उस आदिवासी बेबस महिला पर दबाव बनाने की भरपूर कोशिश की गई इतने में भी जब बात नही बनी तो जिम्मेदारों के साथ रिसोर्ट मैनेजर द्वारा महिला वा उसके जवान बच्ची और बच्चे को लगातार आए दिन मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इतना ही नहीं गरीब आदिवासी महिला प्रताडऩा की शिकायत लेकर जब ताला चौकी पहुंची तो वहां भी उसकी नही सुनी गई। थक हार कर उक्त महिला द्वारा अपनी शिकायत सीएम हेल्प लाइन 181 में दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई गई। उसने बताया कि आगरा लॉज होटल के मैनेजर कपिल तेजवानी राकेश शुक्ला, सुधीर द्विवेदी पुलिस वा ताला हल्का पटवारी द्वारा जबरदस्ती मेरा कब्ज़ा छोडाया जा रहा है और आए दिन अभद्रता की जाती है।

### वर्षों से जमे हैं एक ही जगह

बीटीआर के अंदर सारा खेल उन अधिकारियों व बाबुओं का है जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और अब पार्क की भूमियों का व्यापार कर रहे हैं। वर्षों से एकं ही जगह पर पदस्थ जिम्मेदारों की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है जो अपनी अवैध कमाई को ध्यान में रखते हुए पूंजीपति रिसोर्ट मैनेजर का साथ दे रहे हैं। गरीब आदिवासी महिला को जानबूझ कर परेशान किया जा रहा है जिले के संवेदनशील जिला कलेक्टर वा पुलिस कप्तान से जनापेक्षा है की संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में संलिप्त जिम्मेदारों के प्रति कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि गरीब आदिवासी महिला को न्याय मिल सके। दरअसल बीटीआर का सारा प्रबंधन व प्रशासन धीरे धीरे कर्तव्य से विमुख होकर पैसा परस्त हो चुका है जो कि पार्क के अंदर उल्टे सीधे काम की अनुमति देकर काली कमाई करने में तल्लीन है।

### ऐसा खेल भी हुआ

बताया गया कि मामला यह है कि उपरोक्त आराजी पूर्व में ताला की एक तथा कथित निवासी को ट्री पट्टा के रूप में दिया गया था। जिस पर शासन ने संज्ञान लेते हुए उपरोक्त पेट को निरस्त कर शासकीय दर्ज कर दिया। अभी शासकीय रिकॉर्ड से मध्य प्रदेश शासन का नाम नहीं हटा, इसके पहले ही स्थानीय पुलिस राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत में रिकॉर्ड अनुसार शासकीय जमीन की नाप कर होटल मालिक का कब्जा करा दिया गया। मध्य प्रदेश शासन के द्वारा उपरोक्त संबंध में अपील भी वरिष्ठ न्यायालय में दायर की गई है। इसके बावजूद शासकीय जमीन पर रिसोर्ट के मालिक का कब्जा करा दिया गया है। इसके संबंध में आदिवासी महिला ने कलेक्टर उमरिया तथा मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव से फरियाद की है कि उसे न्याय दिलाया जाए।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का झुलसा हुआ शव

**उमरिया।** जिले के मारुति शोरूम के सामने तीसरी रेल लाइन पर रविवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव झुलसी हुई अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मौजूद हालातों से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार शव के पास ही एक रेल का खंभा मौजूद था, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि युवक खंभे पर चढने का प्रयास कर रहा था और इसी दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांचों के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



### संदेहास्पद वस्तुएं मिलीं

पुलिस को घटनास्थल के पास से आरी ब्लेड और एक बोरी भी बरामद हुई है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक किसी गलत मकसद से खंभे पर चढने का प्रयास कर रहा था। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले में किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे हुई होगी। हालांकि, युवक का शव रविवार सुबह देखा गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### झुलसे हुए दूसरे युवक से जुड़ा है मामला?

इस घटना में एक नया मोड़ तब आया जब चपहा निवासी एक अन्य युवक, जिसका नाम दीपू रजक बताया जा रहा है, रविवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचा। दीपू भी झुलसा हुआ है, जिससे दोनों मामलों के बीच कोई संबंध होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की गहराई से जांच कर रही है कि आखिरकार दोनों मामलों के तार कहां जुड़ते हैं।

## जेसीबी के बकेट में लगे एक बाल ने सुलझाई अंधे हत्याकाण्ड की गुत्थी

# मृतक के बाल ने आरोपियों को भेजा सलाखों के पीछे

**अधेड़ की हत्या कर नदी के किनार झाड़ियों में फेंका था शव, हत्या करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार**

शहडोल।

**जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में अधेड़ की हत्या कर सोन नदी के किनारे झाड़ियों में शव मिलने का राज एक जेसीबी में लगे मृतक के एक बाल ने खोलकर रख दिया,**



जिस जेसीबी के बकेट से अधेड़ के सर हमला किया था , उस बकेट में मृतक के सर का बाल उसी में छूट गया था और बकेट में चिपका था। जो हत्यारों के गुनाह का गवाह बन गया। उत्खनन में लगे जेसीबी चालक ने अधेड़ की जेसीबी के बकेट से सर पर हमला कर हत्या के बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर अधेड़ का शव सोन नदी के किनारे झाडिय़ों में फेंक दिया था, इस मामले की गुत्थी सुझाते हुए अमलाई पुलिस ने हत्या के मामले जेसीबी जप्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### यह है मामला

अमलाई थाना क्षेत्र के बटुरा सोन नदी के पास रहने वाले 62 वर्षीय राम खिलामन वासुदेव की 2 अप्रैल को सोन नदी के किनारे झाडिय़ों में संदिग्ध अवस्थाएं शव मिला था, जिस परिजनों व स्थानीय लोगो ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए आरोपियों की धर पकड़ कर कार्यवाही की मांग को लेकर नेशनल हाइवे में जाम लगाकर हंगामा किया था, इस घटना के बाद अमलाई पुलिस हत्या के पड़ताल में जुट गई तो, पता लगा कि बटुरा क्षेत्र में उत्खनन में लगे एक जेसीबी के चालक को मृतक राम खिलामन उसके घर में पत्थर गिरने के लिए परेशान कर रहा था, जिससे जेसीबी चालक सूर्यभान कोल ने जेसीबी के बकेट से राम खिलामन के सर पर हमला कर दिया था, जिससे लहूलुहान राम खिलामन की मौके पर ही मौत हो गई थी, उसके मौत के बाद इस हत्या को छिपाने के उद्देश्य से सूर्यभान कोल अपने तीन अन्य साथी बच्चू कोल, कोमल महरा, छोटू महरा के साथ मिलकर उसके शव को सोन नदी के पास झाडिय़ों में फेंक दिया था और जेसीबी में लगे खून को पानी से धोकर फरार हो गए थे, हत्या करने वाले हत्यारे इस बात से अंजान थे कि जिस जेसीबी के बकेट से उन्होंने अधेड़ की हत्या की थी, उसमें एक बाल छूट गया है, जो उन्हें उनके गुनाह का गवाह बन सजा दिलाएगा और हुआ वहीं अधेड़ की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए अमलाई पुलिस ने आरोपी सूर्यभान कोल बच्चू कोल, कोमल महरा, छोटू महरा को गिरफ्तार कर हत्या में उपयोग करने वाले जेसीबी को जप्त कर कार्यवाही की है।

### इनका कहना है

अधेड़ की हत्या के मामले की बारीकी से जांच के दौरान हत्या में उपयोग की गई जेसीबी जप्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**जे.पी.शर्मा**
**थाना प्रभारी, अमलाई**

## म प्र शिक्षक संघ गोहपारू कार्यालय का हुआ उद्घाटन

### लाल जी तिवारी एवं राजन सिंह हुए सम्मिलित



शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन म प्र शिक्षक संघ जिसकी स्थापना 1970मे राज्य स्तर पर 1884 पंजीकरण संख्या में पंजीकृत है, जो प्राथमिक स्तर से विश्व विद्यालय स्तर तक के शासकीय एवं अशासकीय शिक्षकों का एक मात्र शिक्षक संघ है, जिसका प्रान्तीय कार्यालय शिवाजी नगर भोपाल में स्थित है, वर्तमान में डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर प्रान्ताध्यक्ष हैं। वर्तमान में म.प्र. शिक्षक संघ राज्य का सबसे सशक्त संगठनों में से एक नामचीन संगठन है,म. प्र. शिक्षक संघ की ब्लाक एवं तहसील इकाई गोहपारू किसी पहचान का मोहताज नहीं है, संभाग भर में मात्र गोहपारू ब्लाक ही एक ऐसा ब्लाक है, जहां वर्ष 2021 एवं 2025 पदावधि में ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन ,मतदान प्रणाली द्वारा अतिसंवेदनशील रूप में संपन्न हुआ, इससे सिद्ध होता है कि संगठन की गतिविधियां अत्यंत सक्रिय रहती हैं, उसी सक्रियता के परिणामस्वरूप महेश प्रसाद द्विवेदी रिटायर्ड शिक्षक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गोहपारू के संरक्षण, प्रेरणा एवं निर्देशन तथा वर्तमान युवा ब्लाक अध्यक्ष अमरबहादुर सिंह एवं बालेन्द्र कुमार मिश्र तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व एवं पूरी उत्साही टीम के सहयोग से शिक्षक संघ ब्लाक तहसील गोहपारू का कार्यालय श्रीमती रमा शर्मा पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष के मकान में 06 अप्रैल रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राजन सिंह, वर्तमान जिला अध्यक्ष लाल जी तिवारी, बी.आर.सी समन्वयक जयसिंहनगर रामनारायण विश्वकर्मा एवं राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में पूजा अर्चना, राम रक्षा स्तोत्र पाठ एवं संगीत मय हनुमान चालीसा पाठ कर स्थापित किया गया।

कार्यालय उद्घाटन के समय ब्लाक के सह संरक्षक महेन्द्र प्रसाद पाठक, जिला उपाध्यक्ष रामावतार प्रजापति, जिला सह सचिव शान्ती सिंह परिहार, तहसील कोषाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, पूर्व तहसील अध्यक्ष रामधनी सिंह, ब्लाक सचिव अबुल कलाम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष बद्रीविशाल द्विवेदी, सदस्य,मकल सिंह, प्रदीप सिंह, महेन्द्र सिंह, राम मनोहर सिंह, लाल सिंह,बेसाहू लाल बैगा, रामदयाल प्रजापति,कुशल सिंह तथा पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष श्रीमती रमा शर्मा सहित श्री मती गंगा देवी शुक्ल, श्री मती कल्पना चतुर्वेदी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा कार्यालय स्थापित होने को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए संगठन की उत्कृष्ट प्रदर्शन का द्योतक बताया जो संभाग के लिए अद्वितीय है।

## प्राकट्योत्सव के साथ निकली रामजी की सवारी

# श्री राम धाम सोहागपुर में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

### पार्षद मधु गौतम ने की शेड निर्माण की घोषणा

शहडोल।

श्री राम धाम (राम जानकी मंदिर) सोहागपुर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्राकट्योत्सव पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित महिला-पुरुष भक्तों की उपस्थिति में श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया तत्पश्चात मंदिर परिसर से भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसने शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया और लोगों में भक्ति भावना की अलख जगाई। इस अवसर पर नगरपालिका शहडोल वार्ड नंबर 4 की पार्षद श्रीमती मधु गौतम ने लोगों की मांग के अनुरूप शीघ्र शेड का निर्माण कराए जाने के लिए हर संभव प्रयास करने और शेड का निर्माण कराने की घोषणा की जिसका उपस्थित जन समुदाय द्वारा स्वागत किया गया। सरकारी मंदिर के नाम से ख्याति प्राप्त रामजानकी मंदिर (राम धाम सोहागपुर) में रामनवमी पर्व पर परंपरागत श्रद्धा एवं उल्लास के



साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्राकट्य उत्सव विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं आतिश बाजी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों ने सहभागिता निभाई।

### शेड का होगा निर्माण

राम जानकी मंदिर परिसर और आंगन में स्थान खुला होने के कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को गर्मी के समय धूप और बारिश के समय पानी में भीगने को विवश होना पड़ता है जिससे बचाव हेतु एक लंबे समय से नागरिकों द्वारा मंदिर के आंगन में शेड का निर्माण किये जाने का प्रयास किया जाता रहा है। इसके लिए कई बार आपस में मंत्रणा भी की गई लेकिन कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा था जिसे विशेष प्रयास कर पूर्ण करने का आश्वासन वार्ड पार्षद श्रीमती मधु शरद गौतम ने दिया है। श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में मंदिर पहुंची पार्षद श्रीमती गौतम ने कहा कि नगर पालिका द्वारा उक्त सेट का निर्माण जनहित में कराया जाएगा और इसकी कार्यवाही शीघ्र ही आरंभ होगी।

### भव्य राम रथ यात्रा

रामनवमी के शुभ अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा, रथ यात्रा का आयोजन स्थानीय नागरिकों जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रथ का नगर भ्रमण कराया डीजे और बंद बजे की धुन के साथ हजारों की तादाद में मौजूद महिला पुरुष भक्तों ने भगवान श्री राम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए सनातन धर्म की अलग जगाने का कार्य किया यह रथ यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से निकाल कर गाड़ी जय स्तंभ पुराना बस स्टैंड से रोक कर बाणगंगा होते हुए वापस राम जानकी मंदिर पहुंची भगवान श्री राम के इस रथ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत < किया गया।

## खबर संक्षेप

### मिट्टी के कटाव एवं पानी के बहाव को संरक्षित करने किया जाएगा बोरी बंधान

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि आगामी 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उमरिया जिले में नवाचार के तहत अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से जिले में मिट्टी के कटाव एवं पानी के बहाव को संरक्षित करने के उददेश्य से 100 बोरी बंधान कराया जाएगा । उन्होंने बताया कि यह कार्य पूर्णतः जन सहयोग के माध्यम से जीरो बजट पर आधारित होगा । इस कार्य में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, संगठनों, स्वयं सेवी संस्थानों, महिला स्व सहायता समूहो, समाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा । जिले में प्रवाहित होने वाली छोटी, बडी जल संरचनाओ का सर्वेक्षण किया जाकर बोरी बंधान उपयुक्त स्थल का चयन विभिन्न तकनीकी अमले के माध्यम से कराया जाएगा । चयनित स्थल पर जनसहयोग के माध्यम से तकनीकी अधिकारियों के निर्देश में विभिन्न विभागों के लक्ष्य आवंटित कर कार्य कराया जाएगा ।

### अपनी मिट्टी अपना जल हेतु तकनीकी समिति गठित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि अपनी मिट्टी अपना जल हेतु तकनीकी समिति गठित की गई है जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह अध्यक्ष होगे तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सदस्य सचिव, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग उमरिया, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा0 यांत्रिकीय सेवा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य होगे । समिति व्दारा जिले के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर जिलें में उपलब्ध जल संरचनाओ का अवलोकन कर बोरी बंधान हेतु उपयुक्त स्थल का चयन किया जाएगा । स्थल चयन के उपरांत संपूर्ण रिपोर्ट स्थल के जियो टैग फोटोग्राफ सहित समन्वय मूल्यांकन एवं संसाधन समिति को उपलब्ध कराया जाएगा । स्थल पर ले आउट एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु अधीनस्थउपयंत्री एवं अन्य तकनीकी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी । कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा । समिति व्दारा सर्वेक्षण कर समस्त उपयुक्त स्थलों का चयन कर अपनी रिपोर्ट 15 अप्रैल तक आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा । इसके साथ ही दस्तावेजी करण, जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### 9 अप्रैल से चंदिया में तीन दिवसीय उर्स

**उमरिया।** जिले के चंदिया स्थित हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने मे होने वाले उर्स का आयोजन आगामी 9, 10 तथा 11 मई को किया जायेगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नसीब खान व सेकेट्री असफाक खान ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि नगर मे उर्स के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। गौरतलब है कि चंदिया मे करीब 98 सालों से उर्स का आयोजन होता चला आ रहा है। इस मौके पर देश के ख्याति प्राप्त कब्वालों का आगमन होगा। जो तमाम रात अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन समिति के मुताबिक उर्स की शुरूआत 9 मई को मजार ए पाक मे शाही बादर संदल पेश करने से होगी। 10 मई को सिराज चिश्ती कव्वाल गुजरात व गीता चिश्ती दिल्ली एवं 11 मई को नौशाद अली खान व गुलजार नाजा मुंबई द्वारा तमाम रात शानदार कब्वाली प्रस्तुत की जायेगी। इस मौके पर लाखों की तादाद मे देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचते है। कमेटी द्वारा आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। कमेटी ने उर्स मे अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## भ्रष्ट कर्मचारी चला रहे हैं पंचायत

# नोटशीट चलाये बगैर सचिवों को दिलवाया गया प्रभार

प्रशासनिक स्तर पर दो पंचायतों का काम देखने वाले पंचायत सचिवों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए नई व्यवस्था बनाने का निर्देश जारी किया गया था। इसके तहत बीते माहों में 236 सचिव एवं रोजगार सहायकों को प्रभार दिया गया था, लेकिन इस प्रभार के खेल में जिला पंचायत में बैठे जिम्मेदारों ने जमकर मलाई छानी है।




**उमरिया।** जिले में बीते वर्षो में भ्रष्टाचार, गबन, प्रशासनिक जांच सहित अन्य मामलों में दोषी पाये गये सचिवों से वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार छीन लिये गये थे, पंचायतों के कार्य प्रभावित न हो इसके चलते एक सचिव को दो-दो या तीन पंचायत के प्रभार दिये गये थे, बीते माहों में जिला पंचायत से अनोखा आदेश जारी हुआ, जिसमें भ्रष्टाचारियों को पंचायत के प्रशासनिक प्रभार के साथ वित्तीय प्रभार देकर उपकृत कर दिया गया। चर्चा है कि कई ऐसे सचिवों को भी प्रभार दिया गया, जिन्हें अभी तक निलंबन से बहाल नहीं किया गया, इस पूरे खेल में शाखा सहायक ने बड़ा रोल अदा किया। इस पूरे खेल के चलते जिला पंचायत के मुखिया की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा चुका है।

### दोषियों के पास है प्रभार

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव राधेश्याम जुलानिया ने निर्देश जारी किये थे कि ऐसे सचिव जिन पर अनियमितता व भ्रष्टाचार के मामले में जांच लंबित हो, उन्हें पंचायत में प्रभार न दिया जाये, लेकिन जिला पंचायत के मुखिया ने इस आदेश को रौंदते हुए भ्रष्टाचार और गबन या अन्य मामलों में दोषी सचिवों को वित्तीय प्रभार दिया गया, आरोप हैं कि जिला पंचायत के मुखिया ने नोटशीट एवं रिमार्क में उल्लेखित आरोपों को देखे बिना वित्तीय प्रभार दे दिया। इसके चलते अब जिला पंचायत की जमकर किरकिरी हो रही है।

### सौदा भी हुआ था कैंसल

जिस पंचायत में निर्माण या अन्य मद की राशि बाकी है, उस पंचायत का प्रभार लेने के लिए सचिवों ने इस भ्रष्टाचार के सेतुओं को लाखों रूपये चढ़ोत्तरी दी थी, लेकिन जिला पंचायत से वह आदेश नहीं हो सका, जिसके चलते अब राशि वापस करने की नौबत आ गई है, चर्चा है कि 3 से 4 लाख लेकर सचिवों को प्रभार तो दिया गया, लेकिन मुखिया ने एक पंचायत में एक सचिव की बात तो मान ली, लेकिन कुछ चहेते सचिवों को दो पंचायत का प्रभार देने की बात नहीं मानी, जिला पंचायत में चर्चा है जो राशि वसूल गई थी, वह पूरी जानकारी मुखिया को नहीं दी गई, जिसके चलते सौदा कैंसल हो गया था।

### भ्रष्ट कर्मचारियों का सिर सहला रहे

जिला पंचायत प्रशासन द्वारा जिन पंचायत सचिवों को सम्पूर्ण सचिवीय दायित्व सौंपा गया है, उनमें से कई ऐसे भी पंचायत सचिव हैं जो लंबे समय से अपने कार्यकाल में वित्तीय अनियमितता, गबन,सिर्फ प्रशासनिक अधिकार, निलंबन या सेवा समाप्ति के खिलाफ सुनवाई पर प्रशासनिक कार्यवाही का सामना कर रहे थे। कुछ ऐसे भी है जिन्हें आरोपों के बाद भी वित्तीय प्रभार (सम्पूर्ण दायित्व) सौंपा गया है। हालाकि इस पूरे खेल से पर्दा उठने के बावजूद मुखिया ने भ्रष्ट कर्मचारियों पर दोबारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की। बीते माहों में प्रभार के इस खेल में जिला पंचायत की जमकर किरकिरी हुई थी, लेकिन नौकरशाह वातानुकूलित कक्षों में बैठकर भ्रष्ट कर्मचारियों को गोद में बैठाकर उनका सर सहला रहे हैं।

### कलेक्टर को लेना चाहिए संज्ञान

जिला पंचायत ने पाली, मानपुर और करकेली जनपदों के कुल 236 सचिवों व रोजगार सहायकों को संपूर्ण वित्तीय प्रभार (संपूर्ण दायित्व) सौंपा था। कुछ सचिवों की निलंबन के बाद बहाली नहीं हुई थी और कुछ तो गबन की राशि अब तक शासन के खजाने में वापस जमा नहीं करवा सके हैं, जनपद से जुड़े लोगों की माने तो, इस पूरे खेल के पीछे मानपुर जनपद के मुखिया के अलावा जिला पंचायत में बैठे पुराने चावलों में शाखा सहायक ने बड़ा रोल अदा किया है, जागरूक लोगों ने जिला पंचायत के मुखिया एवं कलेक्टर से मांग की है कि दोषी सचिवों को दिये गये प्रभार वापस लिये जाये, जिससे जिला पंचायत पर उठे सवाल पर अंकुश लग सके।




### दीवार लेखन के माध्यम से जल का संरक्षण करनें का दिया जा रहा संदेश

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। जिसमें शासकीय अमला, समाज सेवी, स्वयं सेवी संस्थाएं, गणमान्य नागरिक सहित मध्यप्रदेश जन अभियान के परामर्शदाता अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आम जनों को जल संरक्षण का संदेश दे रहे है । मप्र जन अभियान परिषद पाली जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जगत जननी शहरी एवं ग्रामीण विकास समिति सेक्टर क्रमांक 4 मालाचुआ द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। दीवार लेखन के माध्यम से हम सबने ठाना है, पानी को बचाना है , जल है तो कल है, जल ही जीवन है ,,हम सबकी यही पुकार, पानी नही करेंगे बेकार आदि के माध्यम से संदेश दिया गया।

## सीएमएचओ की अध्यक्षता में सेक्टर ताला में बैठक संपन्न

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी की अध्यक्षता में ताला सेक्टर में बैठक संपन्न हुई । बैठक में राष्ट्रीय स्वा0 कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की । बैठक में एएचएस सर्वे किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डीसीएम तथा बीसीएम उपस्थित रहे ।

बैठक में एमपीएस, सीएच ओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू व आशा पर्यवेक्षक उपस्थित थे । ब्लॉक मानपुर , सी एम एच ओ को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र तथा एच डब्ल्यू , ई डी एल की गाइड लाइन के अनुसार सभी दवाईयां उपलब्ध रहे, निर्धारित जांच की सुविधा के अलावा अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों का भली भांति संचालन किया जाये । सभी गर्भवती महिलाओं की जांच कर उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को डिलेवरी से पूर्व सभी की अल्ट्रासोनोग्राफी जिला चिकित्सालय उमरिया में कराई जाय साथ ही एक बार स्त्री रोगी विशेषज्ञ से अनिवार्य रूप से चेक कराया जाए। गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला चिकित्सालय में जांच कराने लिए लाने तथा वापस हितग्राही के घर छोडने के लिए 108 वाहन का उपयोग किया जाए।



# बिजुरी पुलिस ने वसूली वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश



**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अधिक से अधिक वारंट तामीली के निर्देश पर थाना बिजुरी पुलिस द्वारा 05/04/2025 को मेहनत एवं लगन से पता तलास कर व्यवहार न्यायाधीश कोतमा के न्याया0 के प्र.क्र. MJCR/343/24 धारा 125 के वसुली वारंटी सुमेर सिंह गोंड पिता धरमपाल सिंह गोंड उम्र 37 वर्ष निवासी डोंगरिया खुर्द थाना बिजुरी को कोरबा छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी विकास सिंह, प्र.आर. बसन्त कोल, आर. रामनिवास गुर्जर, सायबर सेल से पंकज मिश्रा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### अवैध सटोरिया के खिलाफ भी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध जुआ सट्टा खिलाने वालो के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एस. डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध सट्टा खिलाने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 05/04/2025 को मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई कि एक व्यक्ति माइन्स कॉलोनी बिजुरी में सट्टा पट्टी काट रहा है जिसे घेराबंदी कर पकडा जा सकता है। मुखबिर सूचना पर विजुरी पुलिस द्वारा माइन्स कॉलोनी में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई तो मनोज सिंह गोंड पिता दीपचंद गोंड उमर 33 वर्ष निवासी माइन्स कॉलोनी बिजुरी का मौके पर अवैध सट्टा पट्टी काटते पाया गया जिसके पास से सट्टा पर्ची, सट्टा पर्ची लिखने की डाट पेन एवं कुल नगदी रकम 2130 रुपये बरामद हुआ। अतः उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना बिजुरी में धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में निरी विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, आर. प्रभाकर त्रिपाठी की उल्लेखनीय भूमिका रही।



## राधा कृष्ण मंदिर सकोला मैं भंडारा एवं कन्या भोज संपन्न

**बदरा/जमुना।** चैत्र नवरात्रि में दुर्गा मूर्ति की स्थापना आसपास के क्षेत्र में पहली बार रखी गई थी जिसका विसर्जन बड़े धूमधाम से किया गया। रामनवमी के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में विशाल भंडारा और कन्या भोजन कराया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र के लोग एकत्र होकर भंडारी और कन्या भोजन का प्रसाद ग्रहण किया समस्त ग्रामवासी के सहयोग से सभी कार्य अच्छे से संपन्न हुए दुर्गा मूर्ति के पुजारी उदित नारायण द्विवेदी और कार्यकर्ता लोग श्यामलाल कुशवाह त्रिवेणी शंकर तिवारी सचिन तिवारी राजेंद्र विश्वकर्मा पारसनाथ विश्वकर्मा सुभाष विश्वकर्मा डॉक्टर हिटलर विश्वास सुबह लाल साहू विजय केशव गोपाल रौनक साहू राजकुमार निरंजन जायसवाल सचिव सभी लोगों ने मंदिर में अपना समय देकर माताजी राधे कृष्ण मंदिर में सहयोग प्रदान किया सभी का कार्य सराहनीय था।

# अपनी मिट्टी अपना जल

## कार्य के सुचारू संचालन, समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु समितियां गठित

**उमरिया।** अपनी मिट्टी अपना जल कार्य के सुचारू संचालन, समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है , जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह सदस्य सचिव, उप संचालक बांधवगढ बीटीआर, वनमंडलाधिकारी, उप संचालक खनिज, जिला आपूर्ति अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, उप संचालक किसान कल्याण, महाप्रबंधक एसईसीएल ग्राम सडक , विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि, जिला परियोजना सन्वयक जन अभियान परिषद, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सदस्य होगे । समिति व्दारा बोरी बंधान हेतु आवश्यक सामग्री एवं संसाधनो का आंकलन कर उपलब्ध कराया जाएगा । सामग्री को निर्धारित स्थल तक पहुंचाया जाएगा । विभिन्न विभागों को बोरी बंधान हेतु लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा । जन भागीदारी हेतु सभी संगठनों, संस्थानों, विभागों के सहयोग हेतु समन्वय किया जाएगा ।

### अपनी मिट्टी अपना जल के लिए बोरी बंधान हेतु लक्ष्य आवंटित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि अपनी मिट्टी अपना जल के लिए बोरी बंधान हेतु लक्ष्य आवंटित किए गए है जिसमें ग्रामीण विकास विभाग को 20 का लक्ष्य, शहरी विकास विभाग को 10 का लक्ष्य, वन विभाग को 10 का लक्ष्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को 10 का लक्ष्य, खनिज विभाग को 10 का लक्ष्य, जल संसाधन विभाग को 10 का लक्ष्य, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू विभाग को 10 का लक्ष्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना को 10 का लक्ष्य तथा कृषि विभाग को 10 का लक्ष्य शामिल है। अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया नोडल अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण सहायक नोडल अधिकारी रहेगे ।

## शारदा धाम तक पैदल जाएंगे श्रद्धालु



**कोतमा।** नगर से मैहर शारदा धाम तक की पैदल यात्रा हजारों भक्तों का जत्था रवाना होगा। 2 अक्टूबर दशहरे के दिन से भव्य पद रथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के बारे में मां शैल पुत्री भक्ति मंडली के सदस्यों ने बताया कि आगामी शारदीय नवरात्रि के दशम दिवस पर 2 अक्टूबर को कोतमा से मैहर तक भव्य पद रथ यात्रा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर 5 अप्रैल शनिवार को देर शाम बस स्टैंड प्रांगण से भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। लगभग एक सौ आठ मीटर की चुनरी यात्रा मे धर्मावलंबी माताओ, बहनों एवं भक्तों शामिल होकर नगर के मुख्य मार्ग में देर रात तक कतार बद्द होकर चुनरी यात्रा में माता के जयकारे एवं देवी गीतों से पूरा नगर गूंज मन हो गया। चुनरी यात्रा का समापन नगर के शारदा काली मंदिर मे किया गया।

### एक सप्ताह पूर्व गुम हुई महिला को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**जैतहरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा लगातार गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है जिस क्रम में 24/03/2025 को सूचनाकर्ता लल्लू सिंह गौड़ पिता मोहन सिंह गौड़ उम्र 55 वर्ष निवासी कुकुरगोड़ा नें थाना जैतहरी आकर सूचना दिया कि उसकी बड़ी लड़की रामबाई गौड़ उम्र 32 वर्ष की 24/03/2024 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है, काफी पता तलाश किया जो अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है, सूचना पर गुमइंसान क्र. 28/2025 कायम कर जांच की गई। गुम इंसान जांच के दौरान गुमशुदा की पता तलाश करने पर गुमसुदा को दिनांक 06/04/2025 को जैतहरी में दस्तयाब किया गया एवं गुमसुदा को उसके पिता लल्लू सिंह गौड़ के सुपुर्द किया गया। गुमसुदा की दस्तयाबी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक विपुल शुक्ला एवं प्रधान आरक्षक 60 रामेश्वर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### ब्राह्मण समाज ने व्यक्त की शोक संवेदना

**बिरसिंहपुर पाली।** फिल्म निर्माता व अभिनेता श्री मनोज कुमार हरिकिशन गोस्वामी 87 वर्ष उम्र में दुखद निधन हो गया। 45 फिल्म में काम करके पत्नी शशि गोस्वामी थी पुत्र कृपाल गोस्वामी है। मनोज कुमार जी जो भारत के देश के भक्ति फिल्मों के कारण भारत कुमार पड़ा। बड़े दुख के इस घड़ी में ब्राह्मण समाज 5 मिनट मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना किया गया। श्री प्रभात मिश्रा रवि मिश्रा संतोष शर्मा राम बिहारी उपाध्याय राम सजीवन उपाध्याय रमेश सिंह सानू उपाध्यक्ष मुकेश चौबे बृजेश कुमार मिश्रा रमेश सिंह विनोद शर्मा हंस समाज के अतिथि द्वारा मनोज कुमार जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### जनपद पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**कटनी।** जिला रोजगार कार्यालय एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी में एस.आई.एस अनूपपुर के द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के पद हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। सोमवार 7 अप्रैल को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, 8 अप्रैल को जनपद पंचायत बडवारा एवं 9 अप्रैल को जनपद पंचायत कटनी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। इसी प्रकार 11 अप्रैल को जनपद पंचायत रीठी, 12 अप्रैल को जनपद पंचायत बहोरीबंद, 21 अप्रैल को जनपद पंचायत ढीमरखेडा एवं 22 अप्रैल को प्राचार्य, शासकीय आई०टी०आई कटनी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा।

### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर होंगी विविध गतिविधियां

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के आयोजन हेतु राज्य शासन द्वारा निर्धारित कैलेण्डर एवं कार्य योजना अनुसार जिले में विविध गतिविधियां आयोजित करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा, सांस्कृतिक विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, तकनीकी एवं कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय प्रमुखों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री यादव नें सहायक नोडल अधिकारियों को नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए शासन निर्देशानुसार विविध गतिविधियों का संचालन करते हुए पालन प्रतिवेदन प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग को प्रेषित करनें के निर्देश दिए है।

### आमजनों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार विकासखंड कटनी में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विभिन्न जागरूकता संदेशों का दीवार लेखन कर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायत डिठवारा, करहिया, कूड़ो, छहरी, देव डोंगरा, पौंसरा सहित कटनी शहर के विभिन्न वार्डो में आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है।

## नवमीं पर निकला भगवान श्री राम की शोभायात्रा के साथ विशाल जवारा जुलूस

# राम रथ और खप्पर वाली के साथ निकले, मैया के जवारे







### आज मां ज्वालामुखी मंदिर में विशाल भंडारा

धनपुरी।

**श्रीराम नवमी एवं चैत्र नवरात्रि की दुर्गा नवमी के अवसर पर स्थानीय ऐतिहासिक मां ज्वालामुखी मंदिर से रविवार 6 अप्रैल रविवार को मां ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण से शाम 6 बजे रथ पर सवार जगत के पालन हार भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकी निकाली गई।**

जुलूस के आगे-आगे काली नृत्य और केसरिया ध्वज थामे युवाओं की टोली नगर के प्रमुख स्थलों, मार्गों से केसरिया झंडा लहराते हुए चल रहे थे। जुलूस के साथ समिति के सदस्य महेंद्र सिंह पवार,आकाश कुमार मिश्रा,पुष्पेंद्र सिंह सेंगर,विजय प्रकाश शर्मा,राम सिंह ,शैलेंद्र शर्मा,स्कंद सोनी (पार्षद वार्ड नंबर-24),मैथलीशरण गुप्त, कृष्णराज सिंह राणा,भारत वर्मा,रामपुरन लोधी,काशी विश्वकर्मा,भारत महरा,द्वारिका विश्वकर्मा,पप्पू महराज, प्रेम नायक काशी लक्ष्मण प्रसद राम अवतार शर्मा आदि लोग चल रहे थे।काली नृत्य के साथ ज्वारे हरे हरे राम जी की शोभायात्रा एवं जवारा जुलूस मां ज्वालामुखी मंदिर से आगे बढ़ते हुऐ कुदरा टोला, सरकारी टोला ,कछिया टोला होते हुए धनपुरी आजाद चौक पहुंची। काली जी के नृत्य की साथ जुलूस आगे बढ़ते हुए आजाद चौक से झिरिया स्कूल पुरानी बस्ती होते हुए पुनः ज्वालामुखी मंदिर जुलूस पहुंची जहां जवारा विसर्जन किया गया।इसी तरह से वहीं वार्ड नंबर, कालरी नंबर1 ,अमलाई तक से इसी तरह अन्य जवारा जुलूस विभिन्न स्थलों से निकाली गई जो आजाद चौक होते हुए ज्वालामुखी कलश विसर्जन के लिए पूरी श्रद्धा भाव से दर्जनों स्थलो से निकले जवारा जुलूस ज्वालामुखी स्थित कुंड में विसर्जन के लिए पहुंचे।आधा किलोमीटर मंदिर का जुलूस ज्वालामुखी मंदिर से 3 हजार 1सौ ज्वारों का विशाल जवारा जुलूस आधा किलोमीटर लंबा था जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक को महिलाओं और युवाओं का एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई। धनपुरी नगर की सबसे बड़ी जवारा जुलूस मां ज्वालामुखी मंदिर से निकाली गई जो जवारे के आगे आगे काली छप्पर वाली नृत्य करते हुए निकली जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। जुलूस में महिलाएं पुरुष बच्चे के भारी संख्या में शामिल होते हैं जिनका भव्य स्वागत किया जाता है।इस जुलूस यात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।अन्य मन्दिरो में भी घूम सी तरह से विभिन्न वाडो में स्थित देवी मंदिरों, शक्ति पीठों से भी शाम को जवारा जुलूस काली नृत्य करते जवारा विसर्जन करने ज्वालामुखी मंदिर स्थित कुंड में पहुंचे जहां मां ज्वालामुखी प्रबंधन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। खेर माता मंदिर से जवारा जुलूस निकाला गया जो भव्य आयोजन किया गया।जवारा जुलूस का स्वागत नवमी के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न वार्डों से विशाल जवारा जुलूस का स्वागत नगर के प्रतिष्ठितजनों के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी जगह जगह स्वागत किया गया जवारा जुलूस में शामिल महिलाएं बच्चों व श्रद्धालुजनो को आजाद चौक आदित्य मोबाइल के द्वारा चना प्रसाद वितरण किया गया वही नवयुवको के द्वारा जुलूस में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया वही गोल बाजार युवकों के द्वारा खिचड़ा प्रसाद का वितरण जुलूस में आए श्रद्धालुओं को किया गया वही आजाद चौक में जुलूस में आए श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया इसी तरह माइकल चौक श्रद्धालुओं को चना प्रसाद वितरण किया गया पुराने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास श्रद्धालु जनों के द्वारा प्रसाद का वितरण श्रद्धालु जनों को किया गया इसी तरह से कई स्थलों में जवारा कलश में शामिल महिलाएं बच्चों को जगह जगह पानी पाउच झालमुड़ी आदि वितरित किए गए।आज विशाल भंडारा मां ज्वालामुखी मंदिर में हर वर्ष की भांति वर्ष भी 6 अप्रैल राम नवमी पर्व के दूसरे दिन यानि 7 अप्रैल को मां ज्वालामुखी प्रांगण में सुबह 11:00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा समिति के सदस्यों के द्वारा नगर के भक्तजनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्यात्मक में माता रानी के दरबार में पहुंचकर महा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करे।जवारा जलूस 7अपैल को और भंडारा 9 अप्रैल कोबिलियस नंबर 1 काली मंदिर के अध्यक्ष एस पी सिंह ने बताया कि जवारा जुलूस 7 अप्रैल सोमवार को और विशाल भंडारा 9 अप्रैल को काली मंदिर प्रांगण में होगी। धनपुरी वार्ड नंबर 5 स्थिति मां काली मंदिर से विशाल जवारा जुलूस शाम 6% निकाली जाएगी जो नृत्य करते हुए आजाद चौक पहुंची इसी तरह से नगर के विभिन्न वार्डों से जवारा जुलूस काली नृत्य करते हुए आतिशबाजी करते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए विसर्जन के लिए मां ज्वालामुखी मंदिर पहुंचेगी जहां विसर्जन के लिए कुंड की व्यवस्था बनाई गई है वहां पूरे विधि विधान के साथ जवारा कलश का विसर्जन किया जाएगा।

## लीनेस क्लब ने नवरात्रि पर किया भंडारा

**धनपुरी ।** लीनेस क्लब द्वारा चैत्र नवरात्र सप्तमी पर्व पर माँ ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में 4 अप्रैल सप्तमी के शुभ अवसर पर शुक्रवार शाम 5 बजे से 8 बजे तक माता मंदिर मे खिचड़ी प्रसाद का भंडारा कराया गया जिसमे लगभग 1 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लीनेस क्लब बुढार के सदस्यों ने सर्वप्रथम मां ज्वालामुखी माता रानी को प्रसाद भोग लगाने के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। लीनेस क्लब के सदस्यों के द्वारा पूरे वर्ष जरूरतमंदों बच्चे बूढ़े महिलाओं को सीजनी उपहार भेंट कर जरूरतमंदों की मुस्कुराहट देखकर अपने को खुशनसीब समझते हैं।लीनेस क्लब इस तरह के कार्य कर अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं।लीनेस क्लब बुढार के अध्यक्ष लीनेस क्लब अध्यक्ष लीनेस मोनिका अग्रवाल सचिव अंजू अग्रवाल, एवं अन्य लीनेस बहनें आरती खंडेलवाल, ज्योति सिंह बघेल रजनी जैन अंजू मिश्रा आरती खनूजा साधना अग्रवाल स्नेहलता गुप्ता अंजू दुआ शैला गुप्ता ज्योति खनूजा बिंदा भगत सरिता अग्रवाल कि उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।



## मजदूरों का शोषण और प्रशासन की चुप्प, ठेकेदार के हौसले बुलंद

# भ्रष्टाचार की नींव में तैयार हो रहा सीएम राइस स्कूल



अनूपपुर।

जैतहरी क्षेत्र के खूंटा टोला में निर्माणाधीन सी.एम. राइस स्कूल का कार्य इन दिनों विवादों में घिरता जा रहा है। जहां यह परियोजना शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, वहीं अब यह भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और श्रमिक शोषण का पर्याय बन चुकी है। स्थानीय लोगों और मजदूरों के अनुसार निर्माण कार्य का जिम्मा संभाल रहे बाहरी ठेकेदार द्वारा न सिर्फ निर्माण सामग्री की अवैध चोरी की जा रही है, बल्कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी बेहद घटिया स्तर की है। ईंट, सीमेंट और सरिया जैसे मुख्य सामग्री में कमीशनखोरी और गड़बड़ी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। यह निर्माण कार्य मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। गंभीर स्थिति तो श्रमिकों की है, जिन्हें ना तो न्यूनतम मजदूरी मिल रही है और ना ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था। स्थानीय मजदूरों से 70 से 80 फीट की ऊँचाई पर बिना किसी सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट या अन्य उपकरणों के कार्य करवाया जा रहा है, जिससे उनकी जान हर वक्त खतरे में है। इसके अतिरिक्त इस चिलचिलाती गर्मी में उनके लिए ना तो कोई छांव या विश्राम स्थल की व्यवस्था है और ना ही पीने के पानी का इंतजाम किया गया है।

### जनहित की अनदेखी

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहा है और उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। इससे पहले भी कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय संगठन इस मुद्दे को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लगता है जैसे प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। यह सवाल अब आम जनता के मन में उठने लगा है कि आखिर कब तक जिले के अधिकारी इन अनियमितताओं पर आंखें मूंदे बैठे रहेंगे? क्या निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करना, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और जनता की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है? अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन जागता है और दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य घोटालों की तरह सरकारी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# पानी का बताया महत्व, बारिश के जल को सहेजने किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल संरचनाओं एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्राचीन कुएं, बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ-सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

ग्राम तिघरा कला के बुरैना नाला में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु ग्राम वासियों एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां सीएमसीएल डी पी छात्रों के सहयोग से श्रमदान करते हुए व्याप्त कचरा एवं गाद को निकाला जाकर गहरीकरण का कार्य किया गया। आसपास उगी हुई झाड़ियों की सफाई की गई।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 1 बड़गांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिघरा कला के में नवांकुर संस्था आदर्श नव युवक संस्थान बरजी के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल ने उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है, जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके। विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें जन-जागरूकता के लिए दीवार लेखन चौपाल संगोष्ठी रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ-सफाई विशेष रूप से शामिल हैं। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता गोवर्धन रजक,के द्वारा गुणवत्ता की जानकारी दी गई।

ग्राम सरपंच सुजान प्यारी केशलाल, सचिव प्रहलाद सिंह, सह सचिव प्रहलाद लोधी नवांकुर संस्था के उमेश त्रिपाठी, मु मुस्तकीम, सुरेंद्र पाठक, उमेश रजक,अनिल, पंकज, रत्नेश निलेश, मुकेश जैन, पंकज पटेल, अंकुश ठाकुर, लालजी पटेल और ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## हर्षोल्लास से मनाई गई मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती

# शिक्षा ही वह पूंजी जिससे असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के नेतृत्व में मां कर्मा देवी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन सिद्ध धाम पनसोखर में किया गया। सोनेलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति बड़वारा के अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों की उपस्थिति रही। मां कर्मा की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। शोभायात्रा के पश्चात मंचीय कार्यक्रम हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर महानगर के पूर्व महापौर प्रभात साहू, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, जिला मंत्री रम्मू साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कटनी जिला प्रभारी भाजपा संजय साहू, तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण शाहवाल, मप्र के अध्यक्ष हरिशंकर साहू, महामंत्री कमलेश नायक, प्रदेश मीडिया प्रभारी लखन साहू, एवं पन्ना जिला अध्यक्ष काशीराम साहू, जबलपुर जिला अध्यक्ष विमलेश साहू, दमोह जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम भाटिया, एड .शिवकरण साहू ,जिला अध्यक्ष उमारिया राजकुमार साहू, लखन साहू, बसंत साहू, ग्राम पंचायत पनसोखर के सरपंच अरविंद साहू, संतोष साहू, रवि साहू, राजेश साहू, फुदाली लाल साहू, एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मात्र शक्ति की उपस्थिति रही।

# गांव में मुनादी कर दी जा रही नरवाई नहीं जलाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के गांवों में किसान भाइयों को मुनादी करके और ढोढ़ी पिटवाकर फसल अवशेष नहीं जलाने की सूचना दी जा रही है। एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि ढ़ीमरखेड़ा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश से ग्रामीणों और किसान भाइयों को अवगत कराया जा रहा है जिसमें नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के मद्देनजर नरवाई नहीं जलाने का आग्रह किया जा रहा है। मुनादी ग्राम पिपरिया, सहलावन, धनगवां, तिघरा, परसेल सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों को गेहूँ की फसल अवशेष डंठल को नहीं जलाने का आग्रह किसान भाईयों से किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रामनवमीं

**अनूपपुर।** नगर की सबसे पुरानी राम जानकी मंदिर, वार्ड नंबर 3 में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शहर के महिला, पुरुष एवं बच्चों के साथ रामचरित मानस का पाठ कर व भजन कीर्तन के साथ दोपहर 12 बजे श्री राम जी का जन्म उत्सव मनाया गया, सभी भक्तों ने गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ सैकड़ो की संख्या में रामलला का जयकारा लगाते उनका स्वागत किया। सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इसी तरह शहर के अंदर खेर माता मढिया, दुर्गा मढिया, शंकर मंदिर सामतपुर, बूढ़ी माई मंदिर, बस्ती आदि कई स्थानों पर राम जन्मोत्सव उत्सव मनाया गया। पूरे शहर में राम लला की जयकारा होती रही, उक्त अवसर पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सभी वार्डों में स्थित मंदिरों के पास साफ सफाई, कराई गई, एवं मंदिर के कमेटी कमेटी के सदस्यों द्वाराभीड़ को देखते हुए महिला एवं पुरुष को अलग-अलग कतार में प्रसाद वितरण किया गया प्रसाद वितरण का कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा।

### सात माह पूर्व गुम हुई महिला को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**राजेंद्रग्राम।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा लगातार गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है जिस क्रम में 09/09/2024 को सूचनाकर्ता दशरथ चंद्रवंशी पिता मंहगू चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी नौगवां नें थाना राजेन्द्रग्राम आकर सूचना दिया कि उसकी पत्नी शालिनी चंद्रवंशी उम्र 25 वर्ष की 03/09/2024 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है, काफी पता तलाश किया जो अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है, सूचना पर गुमइंसान क्र. 66/2024 कायम कर जांच की गई। गुम इंसान जांच के दौरान गुमशुदा की पता तलाश करने पर गुमसुदा को 05/04/2025 को बिलासपुर (छ.ग.) से दस्तयाब किया गया एवं गुमसुदा को उसके पति दशरथ चंद्रवंशी के सुपुर्द किया गया। गुमसुदा की दस्तयाबी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय पुष्पराजगढ़ के मार्गदर्शन में निरी.वीरेन्द्र कुमार बरकरे, प्र.आर. धीरेन्द्र कोल एवं प्र.आर. राजेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लोक निर्माण विभाग के श्रमिकों से करवाया जा रहा रोड का कार्य



**अनूपपुर।** जिले में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय रोड पर हनुमान मंदिर से सूर्य होटल तक 500 मीटर की लंबाई का कार्य जेएनआर कंस्ट्रक्शन अनूपपुर के द्वारा करने का टेंडर हुआ है जिस पर लोक निर्माण विभाग की एसडीओ अनूपपुर दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के द्वारा लोक निर्माण विभाग मे कार्यरत स्थाई मजदूर को ठेकेदार के कार्य पर लगाकर पेवर ब्लॉक निकलवाया जा रहा है जिन्हें ट्रैक्टर व मेटाडोर के माध्यम से कहां भेजा जा रहा है जिसकी कोई जानकारी नहीं है। स्थल पर कार्यरत लोक निर्माण विभाग के स्थाई मजदूर से जब इसकी जानकारी ली गई तब उनके द्वारा बताया गया कि एसडीओ साहब के आदेश पर यह कार्य हम कर रहे हैं पत्थर कहां ले जाया जा रहा है इसकी हमें जानकारी नहीं। इस संबंध मे वहां पर लगे हुए ट्रैक्टर एवं मेटाडोर मे कार्यरत लोगों से पूछताछ की गई तब उनके द्वारा बताया गया कि ट्रैक्टरों को दुलहा तालाब ले जाया जा रहा है एवं मेटाडोर से मढिया मंदिर पेवर ब्लॉक पत्थर को भेजा जा रहा है।

# अतिक्रमण और जीर्णोद्धार के अभाव में दम तोड़ रहे जिले के तालाब

**शासन की जल सहेजने की तरह-तरह की कार्यनीतियां बनी मजाक**

**जलसंकट से जूझ रहा जिला, कर्तव्यों के इतिश्री तक जिम्मेदारों की जिम्मेदारी**

जिला जलसंकट की समस्या से जूझ रहा है। जलसंकट से निपटने मानसून की बारिश की सम्भावनाओं को लेकर शासन जल सहेजने तरह तरह की कार्यनीतियां बना रही है लेकिन अनूपपुर नगरीय व जिला प्रशासन आगामी मानसून के दौरान उसके जल सहेजने गम्भीर नहीं दिख रहा है।





अनूपपुर।

पांडव और कल्चुरी कालीन तालाबों की नगरी माने जाने वाली अनूपपुर नगरपालिका क्षेत्र की समस्त 20 बड़ी तालाबें जलसरंक्षण के अभाव में अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। इन तालाबों में आगामी मानसून के बारिश की पानी को संरक्षित रखने कोई उपाय नहीं किए गए हैं। नगर की सभी तालाबें आज भी गंदगी, जंगली घास तथा अतिक्रमण की चपेट में बेहाल पड़ी है। इससे पूर्व शहडोल कमिश्नर के आदेश के पालनार्थ प्रत्येक वर्ष की भांति नगरीय क्षेत्र की 20 तालाबों में एकमात्र सामतपुर मडफा तालाब में श्रमदान व गहरीकरण कर उसे जलसरंक्षित करने का प्रयास किया गया। शेष तालाबों की ओर न तो नगरपालिका और ना ही जिला प्रशासन ने जीर्णोद्धार के लिए उचित प्रयास किए हैं। अधिकारियों की उदासीनता में नगरवासियों का कहना है कि सालों भर पानी से लबालब रहे इन तालाबों के कारण कभी भी अनूपपुर नगरीय क्षेत्र जलसंकट की समस्या से नहीं जूझा। दुल्हा (दुलहरा) तालाब, बोकरा तालाब, रजहा तालाब, उंजीर तालाब, सामतपुर मडफा तालाब, बूढी माई मढिया तालाब सहित अन्य तालाब नगर में बड़ी जलस्त्रोत मानी जाती थी। लेकिन नगरपालिका और जिला प्रशासन ने इन तालाबों को बचाने कभी प्रयास नहीं किया। कुछ लोगों ने राजनीति सरंक्षण में तालाबों की मेढ पर बिना अनुमति पक्के आवासीय मकान निर्माण कर तालाबों पर कब्जा जमा लिया। कुछ तालाबों पर लाखों खर्च तो किए गए लेकिन कभी उन तालाबों का सौन्दर्यीकरण और जलसंरक्षण के प्रति नीतियां नहीं बनाई गई। हालात यह है कि सालों भर पानी से लबालब रहने वाला तालाब अब समतल मैदान नजर आ रहा है।

विदित हो कि सामतपुर मडफा तालाब पर नगरपालिका ने उसके सौन्दर्यीकरण व गहरीकरण पर करोड़ों रूपए खर्च किया है। यहां तक सोननदी की जलधारा से तालाब को जलापूर्ति कराने पाईपलाईन भी बिछाकर जलभराव करने की व्यवस्था भी बनाई है। वर्ष 2020 में प्रशासन पांडवकालीन मडफा तालाब का गहरीकरण कर उसे इस वर्ष सूखने से बचा लिया। जानकारों का मानना है कि नगर की सभी तालाबों का तल मिट्टी भराव के कारण उपर आ गया है। इसके अलावा बारिश का पानी तालाब तक बनी पहुंच मार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में बंद हो गई है। जबकि जलसंरक्षण में कोई विशेष प्रयास नहीं किए गए।

### दशकों से नहीं ली सुध

नगरपालिका की समस्त 20 तालाबों में जलभराव व उसके संरक्षण में पिछले एक दशक से नगरपालिका और जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। यहां तक पदाधिकारियों ने नगरीय क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी लागू कराने पहल नहीं की। जबकि नगरीय क्षेत्र में रोजाना 8-10 नए रिहायसी मकान खड़े हो रहे हैं, लेकिन कभी अनूपपुर नगर की प्यास बुझाने तथा लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाली प्राचीन बड़ी तालाबें प्रशासन की अनदेखी में सूखकर समतल मैदान के रूप में नजर आ रही है।

### तालाबों का कभी नहीं हुआ सर्वेक्षण और सीमांकन

बताया जाता है कि नगरीय क्षेत्र की तालाबों को लेकर कभी नगरीय प्रशासन द्वारा सर्वेक्षण और उसके सीमांकन के लिए प्रयास नहीं किए गए हैं। आलम यह है कि दशकों से बेसुध प्रशासन को देखते हुए अब तालाबों की मेढ पर पक्के निर्माण खड़े हो गए। कुछ ने मेड को पाटकर घरों की गंदगी को तालाबों में उतार दिया है। जबकि कुछ जलस्त्रोत के अभाव में सूख गई है।

**तीनों हाथी आपस में मिले, संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को किया जा रहा सतर्क**

# अब तीनों हाथी एक साथ मचाएंगे उधम

अनूपपुर।

एक दांत वाला नर हाथी शुक्रवार को गोबरी के जंगल में ठहरने बात देर शाम को गोबरी, जैतहरी के बंजारीटोला, अमगवां, गुवारी, चांदपुर, टकहुली, पटौरा गांव से होते हुए लगभग 15 से 17 किलोमीटर का सफर अपने कई वर्षों से आने-जाने वाले मार्ग के अनुसार ही तय कर शनिवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल में पहुंचकर अपने दो अन्य हाथी साथियों के साथ मिलकर जंगल में विश्राम कर रहा है। इस हाथी द्वारा शुक्रवार की शाम से शनिवार की सुबह के मध्य विचरण दौरान दो ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर तथा कई किसानों के खेत एवं बांड़ी में लगे विभिन्न तरह के फसलों को अपना आहार बनाया, देर रात तक हाथी के विचरण पर कई गांव के ग्रामीण गस्ती दल में लगे वनविभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ हाथी की निगरानी करते रहे। शुक्रवार की सुबह एक दांत वाला नर हाथी ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के जंगल में दिन भर ठहरने बाद शाम होते ही जंगल से निकल कर गोबरी गांव में तिपान नदी के किनारे स्थित महावीर ढीमर, नत्थू भरिया, बद्री राठौर के खेतों में लगी, रखी फसलों को खाते हुए देर रात नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 4 बंजारी टोला में पहुंचकर कई घंटे तक विचरण करता रहा इस दौरान शिवनारायण पाठक के खेत में लगे गेहूं एवं अन्य की फसल को आहार बनाते हुए पानी वाले पाइप को तोडा तथा रामदीन चौधरी के घर की दीवार तोड़ने से घर के अंदर रखा में सामान तितर बितर हो गया। कई घंटे बाद यह हाथी खेरदाई मढिया से बेलिया गांव को जाने वाले डामर रोड़ पर चल कर अनूपपुर-जैतहरी




मार्ग के मध्य स्थित मिलन की कुटिया ढाबा के पास से चुपचाप रेल्वेलाईन एवं मुख्य मार्ग को पार कर ढाबा के पीछे से मंगल के घर में तोड़फोड़ कर अमगवां में ढर्रा खदान से होते हुए गुंवारी गांव के वार्ड क्रमांक 16 में मस्तराम राठौर के पक्के घर का दरवाजा तोड घर में रखें धान के कोढा को खाते हुए सीमेंट कंक्रीट मार्ग से गुवारी-अमगवां मुख्य मार्ग पर चलकर वार्ड नंबर 17 गुवारी के किरण राठौर, चरकू राठौर के खेत में लगे गेहूं एवं अन्य तरह की फसल को खाते हुए मोजर बेयर की बाउंड्री के पास से चांदपुर में दऊआ सिंह के घर के पास से जैतहरी-चांदपुर-महुदा मुख्य मार्ग को पार कर टकहुली पंचायत के गर्जनटोला से गांव के अंदरूनी कच्चे मार्ग पर चलता हुआ देर रात ग्राम पंचायत क्योटार के पटौराटोला स्कूल के पास से रूपराय राठौर के बांडी में पहुंचकर केला-गन्ना को खाते हुए खेत पारकर कुसुमहाई के जंगल में शनिवार की सुबह पहुंचकर अपने दो अन्य हाथी साथियों के साथ जो कई दिनों से धनगवां के जंगल में ठहरे हुए हैं जिससे जाकर मिल गया। शनिवार की रात यह अकेला हाथी कुसुमहाई के झंडीटोला के पास विचरण करता हुआ रविवार की सुबह से तीनों हाथी कुसुमहाई गांव से लगे धनगवां के जंगल में विश्राम कर रहे हैं। इस अकेले हाथी के देर शाम से पूरी रात में कई गांव में विचरण दौरान कई गांव के ग्रामीण वनविभाग के गस्ती दल जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी अहिरगवां अजेन्द सिंह, थाना प्रभारी जैतहरी विपुल शुक्ला, परि, सहायको, वनरक्षकों सुरक्षा श्रमिकों, गोबरी के हाथी मित्र सदस्यों के साथ वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल इस हाथी के विचरण पर निरंतर निगरानी रखे हुए रहे जिससे किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हो सकी। तीनों हाथियों के देर रात विचरण करने की संभावित पर ग्राम पंचायतो के ग्रामीणों को वनविभाग एवं ग्राम पंचायतो के द्वारा मुनादी एवं अन्य माध्यमों से सचेत एवं सतर्क किया गया है तथा दिन तथा रात में अकेले जंगल महुआ एवं अन्य सामग्री हेतु जंगल नहीं जाने की हिदायत दी गई है।



# परीक्षा के अंतिम दिन छात्रों ने स्कूल में जमकर मचाया उत्पात

**विद्यालय में लगे 10 पंखों को किया क्षतिग्रस्त स्कूल प्रमुखों को नोटिस जारी**

**कोतमा।** कोतमा नगर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में परीक्षा के दौरान परीक्षा देने आए ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल एवं भारत माता पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा परीक्षा के अंतिम दिन परीक्षा देने के बाद कमरे में जमकर उत्पात मचाते हुए विद्यालय में लगे 10 पंखों को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। प्राचार्य के द्वारा छात्रों के द्वारा किए गए उदंड हरकत पर दोनों संस्था के प्रमुखों को उसी दिन सूचना देकर पंखे की मरम्मत कराए जाने के लिए कहा गया था लेकिन दोनों ही विद्यालय प्रमुख द्वारा शासकीय संपति तोड़े जाने के मामले में उदासीनता वाला रवैया अपनाया गया। छात्रों द्वारा कई कमरों में लगे पंखों की पंखियों को तोड़े जाने के बाद भी दोनों स्कूल के जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही की। नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के बाद छात्रों को हो रही परेशानी के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा दोनों विद्यालय के प्रमुख को नोटिस देखकर पंखा सुधरवाने अन्यथा कार्रवाई किए जाने के आदेश जारी किया गया है। आदेश जारी होने के बाद जहां ग्रीनलैंड विद्यालय के द्वारा स्कूल पहुंचकर पंखे को रिपेयर किए जाने की बात कही जा रही है वहीं उसे ठीक दूसरी ओर भारत माता स्कूल के किसी भी जिम्मेदार शिक्षक के द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया।

### इनका कहना है

दोनों स्कूल को नोटिस भेज कर सुधार कार्य हेतु समय दिया गया है। नहीं सुधार होने पर उच्च अधिकारियों से कार्यवाही कराई जाएगी।

**आरके मिश्रा, बीईओ**




# पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह का प्रयास रंग लाया

**रीवा- जयसिंहनगर रेल लाइन सहित अंबिकापुर-नागपुर सुविधा शीघ्र**

**अनूपपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने केंद्र में रहते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए तमाम परियोजनाओं के लिए काफी पत्राचार किया। जिसका परिणाम धीरे-धीरे सामने परिलक्षित होने लगा हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के प्रयास से जहां रीवा-जयसिंहनगर रेल लाइन स्वीकृत का आदेश जारी हो गया। वहीं शहडोल-नागपुर के मध्य चल रही ट्रेन को अंबिकापुर से नागपुर चलाने की स्वीकृति भी अंतिम दौर में है। शीघ्र ही यात्रियों को मिलने की उम्मीदें जगी है। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर-रीवा (121.087 किमी.) के बीच नई लाइन के लिए रेलवे सर्वेक्षण जयसिंहनगर को रीवा से रेलवे लाइन से जोड़ने की लगातार मांग की जा रही थी, ताकि जनता और उद्योगों के लिए बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और परियोजना क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकें। ब्योहारी और रीवा ब्रॉड गेज नेटवर्क पर मौजूदा रेलवे स्टेशन हैं। ब्योहारी पश्चिम मध्य रेलवे के कटनी-सिंगरौली खंड पर है और रीवा पश्चिम मध्य रेलवे के सतना-रीवा खंड पर है। जयसिंहनगर से रीवा तक प्रस्तावित बड़ी लाइन एक लिंक मार्ग होगी। जयसिंहनगर से रीवा के लिए प्रस्तावित मार्ग का सारांश इस प्रकार है- जयसिंहनगर-ब्यौहारी-37.250 किमी, ब्यौहारी -बघवार-51.037 किमी,बघवार- रीवा-32.80 किमी प्रस्तावित मार्ग है। उपरोक्त के मद्देनजर रेलवे बोर्ड ने 2016-17 में जयसिंहनगर-रीवा से नई बीजी रेलवे लाइन के लिए टोही इंजीनियरिंग सह यातायात सर्वेक्षण को मंजूरी दी है। जयसिंहनगर से रीवा के मध्य स्टेशनों की सूची इस प्रकार है-जयसिंहनगर, टेक्टा, भंगिर, घोरसा, ब्यौहारी, चरखारी, नाकुनी, मगरदहा, गढ़वा एवं बघवार प्रमुख है।

# अमरकंटक में भक्ति भाव से मनाया गया रामनवमीं



अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में भी पवित्र चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी पुनर्वास नक्षत्र पर रामनवमी के पावन अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का पावन जन्मोत्सव पूरे विधि विधान व धार्मिक वातावरण में मंत्रोच्चारण के साथ ठीक 12 बजे नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर राम मंदिर में तथा फलाहारी आश्रम में मनाया गया। नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर परिसर में राम दरबार मंदिर में भगवान राम लला का का पावन जन्म उत्सव भक्ति मय उल्लास पूर्ण तरीके से भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशिल्या हितकारी हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी के उच्चारण के साथ पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी नीलू महाराज तथा सुरेश द्विवेदी छोटे महाराज के अभिषेक पूजन अर्चन आरती तथा मंत्र उच्चारण के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। भारी संख्या में उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं ने तन्मयता के साथ भाव विभोर हो आनंद लेते रहे तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने दंडवत होकर प्रणाम कर भगवान राम से आशीर्वाद मांगा। चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी मे रामनवमी के पावन अवसर पर स्थानीय फलाहारी आश्रम में भी भगवान राम जी का पावन प्राकट्योत्सव पूरे उत्साह उमंग के साथ ढोल नगाड़े घंटी की हर्ष ध्वनि उमंग पूर्ण वातावरण में 12 बजे आचार्य पुजारी धनेश द्विवेदी वंदे महाराज उमेश द्विवेदी बंटी महाराज सुनील द्विवेदी तथा धर्मेंद्र द्विवेदी पप्पू महाराज के शुमधुर मंत्र उच्चारण के साथ मनाया। इस अवसर पर आश्रम के प्रमुख संत जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री राजेश्वरानंदचार्य जी महाराज ने विशेष पूजन अर्चन किया इस अवसर पर आश्रम में साधु संतों ग्राम आचार्य ब्राह्मणों तथा भक्त श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद कराया गया। रामनवमी के पावन उपलक्ष पर भगवान राम जी का शोभा यात्रा विशाल रथ में डीजे बाजा के ध्वनि के साथ भक्त श्रद्धालु नाचते गाते भक्ति भाव के साथ नगर के प्रमुख मार्ग से आश्रम से लेकर नाका तिराहा तक निकल गया भारी संख्या में शोभायात्रा में चलते रहे। शोभा यात्रा के दौरान अमरकंटक पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक चौबंद रही।